केन्द्रीय विद्यालय,

निर्माणात्मक आकलन - १

सत्र : २०१५-२०१६

कक्षा : छठी **समय : डेढ़ घण्टे (९० मिनट)**

विषय : हिन्दी **पूर्णांक : ४०**

निर्देश :

(क) इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड है - क,ख,ग और घ ।

(ख) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(ग) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

खण्ड - क

प्र.१) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **४ अंक**

स्वस्थ रहने के लिए हरी सब्जियाँ और फल खाना चाहिए । मौसम के अनुसार सब्जियाँ और फल अवश्य खाना चाहिए । गाजर, लौकी, मूली, करेला, बंदगोभी, खीरा, टिंडा आदि सब्जियों का सेवन रोगों को दूर करता है । आम, सेब, पपीता, केला, संतरा, खरबूज आदि फल ऊर्जा प्रदान करते हैं । तली वस्तुएँ खाने से बचना चाहिए । समोसे, पकौड़े, ब्रेड, बर्गर, कचौड़ियाँ आदि पाचन शक्ति को कमजोर कर देते हैं । चाकलेट और टाफियाँ दाँतों की शत्रु हैं । स्वस्थ रहने के लिए खान-पान पर ध्यान देना चाहिए ।

प्रश्न : १) स्वस्थ रहने के लिए क्या - क्या खाना चाहिए ?

(क) चाकलेट (ख) कचौड़ी (ग) समोसे (घ) सब्जियाँ और फल ।

२) केला, आम, संतरा, पपीता __________ के नाम हैं ।

(क) मिठाईयों के नाम (ख) फलों के नाम

(ग) अनाज के नाम (घ) फूलों के नाम ।

३) पाचन शक्ति को कौन सी वस्तुएँ कमजोर कर देती हैं ?

(क) समोसे (ख) बर्गर (ग) कचौड़ियाँ (घ) उपर्युक्त सभी ।

४) दाँतों के शत्रु कौन हैं ?

(क) दूध (ख) फल (ग) सब्जियाँ (घ) चाकलेट और टाफियाँ ।

प्र.२) <u>निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।</u> **४ अंक**

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ ।
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो,
कितना ही हो सिर पर भार ।
नभ कहता है फैलो इतना
ढक लो तुम सारा संसार ॥

प्रश्न : १) ऊँचे बनने की प्रेरणा कौन देता है ?

(क) नदी (ख) पर्वत
(ग) सागर (घ) धरती ।

२) सारा संसार ढक लेने की बात कौन कहता है ?

(क) धरती (ख) पर्वत
(ग) नभ (घ) सागर की तरंगे ।

३) पृथ्वी क्या कहती है ?

(क) सत्य न छोड़ो (ख) लहराना न छोड़ो
(ग) धैर्य न छोड़ो (घ) मुस्काना नछोड़ो ।

४) 'सागर' का समानार्थी शब्द क्या है ?

(क) नभ (ख) नदी
(ग) बादल (घ) समुद्र ।

<u>खण्ड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)</u> १०

अंक

प्र.३ अ) उचित विशेषण शब्द चुनिए । **२ अंक**

१) .... मोरों वाला बाग ।

२) .... पेड़ों वाला वन ।

आ) उचित क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए । **२ अंक**

१) गेंद लुढ़कती हुई झाड़ियों में चली गई ।

२) सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूँसने लगी ।

इ) विशेषण का प्रकार लिखिए । **२ अंक**

१) मुझे दो दर्जन केले चाहिए ।

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक ।

२) दो किलो अनाज दे दो ।

(क) संख्यावाचक (ख) परिणामवाचक ।

ई) सर्वनाम का प्रकार लिखिए । **१ अंक**

१) तुम कहाँ जाते हो ?

(क) पुरुषवाचक (ख) निजवाचक ।

उ) रीतिवाचक क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए । **२ अंक**

१) केशव घबराकर उठा ।

२) श्यामा ने गिड़गिड़ाकर कहा ।

ऊ) उचित विराम चिह्न पहचानिए । **१ अंक**

१) तुम कौन हो

(क) ।(ख) ? (ग) , (घ) !

खण्ड - ग

प्र.४) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **४ अंक**

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अण्डे दिए थे । केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते-जाते देखा करते । सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँबैठा पाते । उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता कि दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी । दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते ।

प्रश्न : १) गद्यांश और उसके लेखक का नाम इनमें से कौन-सा है ?

(क) बचपन - प्रेमचंद (ख) नादान दोस्त - प्रेमचंद

(ग) चिड़िया और अंडे - प्रेमचंद (घ) केशव की नादानी - प्रेमचंद ।

२) केशव के घर में चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

(क) कमरे में (ख) छत पर (ग) कार्निस पर (घ) सीढ़ी पर ।

३) केशव की बहन का क्या नाम था ?

(क) श्यामला (ख) श्वेता (ग) श्यामा (घ) शान्ता ।

४) केशव और श्यामा को किस चीज की सुध नहीं रहती थी ?

(क) पूरी-छोले (ख) दूध-जलेबी

(ग) दही-चावल (घ) ब्रेड-मक्खन ।

प्र.५) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । २*३=६ अंक

क) चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है ?

ख) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी ?

ग) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना - पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

घ) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ? चश्मा लगाने अपर उनके चचेरे भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे ?

ङ) रस उँडेलकर गा लेती है - आशय स्पष्ट कीजिए ?

प्र.६) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ४ अंक

गोल है खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते है ज़रा ।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों जड़ा ;
सिर्फ़ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा-चिट्टा
गोल-मटोल,
अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों स्मित ।

प्रश्न. क) कवि और कविता का नाम लिखिए ?

ख) लड़की किससे बात कर रही है ?

ग) चाँद कैसा है और कैसा नज़र आता है ?

घ) चाँद की पोशाक क्या है ?

प्र.७) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ४ अंक

क) अयोध्या किस नदी के किनारे पर था ?

ख) दशरथ की कितनी रानियाँ थीं ? रानियों के नाम लिखिए ?

ग) राम का राज्याभिषेक किसको षडयंत्र लगा ?

घ) विश्वामित्र के आश्रम का नाम क्या था ?

ङ) जब राज्याभिषेक की तैयारियाँ होने लगीं, तब भरत और शत्रुघ्न कहाँ थे ?

च) कैकेयी ने दशरथ से कौन-से दो वर माँगे ?

खण्ड - घ (लेखन)

प्र.८) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-- ४ अंक

अ) मेरी माँ   आ) मेरा विद्यालय   ग) समय का सदुपयोग

(अथवा)

चार दिन का अवकाश माँगते हुए प्राचार्य जी को पत्र लिखिए ।